हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, गुरुवार 14 मई 2026

11 डंपरों में ओवरलोड पत्थर डालने के विरोध ...



12 शिवम स्कूल में 137 में से 121 मेरिट आईं



## खबर संक्षेप



लोहारू। अल्ट्रासाउंड केंद्र का निरीक्षण करते एसएमओ डॉ. ओपी डूडी।

### एसएमओ ने अल्ट्रासाउंड सेंटरों का किया निरीक्षण

**लोहारू।** उपमंडल नागरिक अस्पताल के प्रभारी एसएमओ डॉ. ओमप्रकाश डूडी ने शहर में चल रहे तीन अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दस्तावेजों व रिकॉर्ड की जांच की। केंद्र संचालकों को निर्देश दिए कि वे पीएनडीटी एक्ट की पालना हर हाल में सुनिश्चित करें तथा रिकॉर्ड मेंटेन रखें। डॉ. ओपी डूडी ने कहा कि प्रसव पूर्व भ्रूण लिंग जांच करना प्रतिबंधित है तथा ऐसा करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कॉलेज पढ़ने गई एमए की छात्रा नहीं लौटी घर

**लोहारू।** कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा सायं तक घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने युवती की तलाश शुरू की। छात्रा के नहीं मिलने पर परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में युवती के परिजन ने बताया कि उसकी भतीजी लोहारू के कॉलेज में एमए की पढ़ाई कर रही थी और हमेशा की तरह घर से कॉलेज के लिए रवाना हुई थी। लेकिन सायं तक जब युवती घर नहीं पहुंची तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। उन्होंने आसपड़ोस में युवती की पूछताछ की, लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### नायब तहसीलदार एवं डीएसपी के नेतृत्व में देर रात को डंपिंग स्टेशन पहुंचा पुलिसबल

# प्रशासन का वाहन निकलवाने का प्रयास प्रशासन-सफाईकर्मियों का टकराव टला

- सफाईकर्मियों ने प्रशासन को चेताया, माहौल बिगाड़ने की कोशिश न करें, कर्मचारी जान पर खेलने को तैयार
- नगर निकाय मंत्री विपुल गोयल से बातचीत होने के चलते प्रशासन पीछे हटा





**भिवानी।** मंगलवार देर रात डंपिंग स्टेशन पर प्रशासन की तानाशाही के खिलाफ एकत्रित सफाईकर्मियों को संबोधित करते कामरेड ओमप्रकाश और सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते दादरी गेट न्यू हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के बाहर लगा कूड़े का ढेर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल मंगलवार रात को एक बार फिर टकराव मोड पर पहुंच गई थी। नायब तहसीलदार व डीएसपी के नेतृत्व में भारी पुलिसबल देर रात को डंपिंग स्टेशन पर पहुंचा और कूड़ा उठाने वाले वाहनों को निकलवाने का प्रयास किया। उक्त गतिविधि की भनक लगते ही नगर परिषद के महिला व पुरुष सफाई कर्मचारी व समर्थित संगठनों के सदस्य मौके पर पहुंचे और प्रशासन की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विरोध जताया।

एक बार फिर प्रशासन व कर्मचारियों के बीच टकराव की स्थिति बनी, जिसमें कर्मियों ने प्रशासन को चेताया कि हम शांतिपूर्ण तरीके से हड़ताल कर रहे हैं, प्रशासन तानाशाही एवं माहौला बिगाड़ने की कोशिश न करें, अन्यथा कर्मचारी जान पर खेलने को तैयार हैं, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन व सरकार की होगी।

उल्लेखनीय हैं कि बीते शनिवार नौ मई को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त नायब तहसीलदार गौरव पुलिसबल के साथ डंपिंग स्टेशन पहुंचे थे और शहर में पड़ी गंदगी उठवाने के लिए डंपिंग स्टेशन में खड़े ट्रैक्टर ट्रॉलियों व जेसीबी मशीनों को निकलवाने का प्रयास किया था।

प्रशासन की गतिविधि की भनक लगते ही सफाई कर्मचारियों ने वहां पहुंचकर प्रशासन की तानाशाही के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया था। इसके बाद नायब तहसीलदार पुलिसबल सहित बैरंग लौटा था। अब फिर से नायब तहसीलदार व डीएसपी के नेतृत्व में मंगलवार देर रात को भारी पुलिसबल डंपिंग स्टेशन पहुंचा, इस बार दिन की बजाय देर रात को प्रशासन ने कार्रवाही को अंजाम देना चाहा। भनक लगते ही सफाई कर्मचारी व समर्थित संगठनों के सदस्य भी डंपिंग स्टेशन पर पहुंच गए और वहां प्रशासन की तानाशाही व कर्मचारी विरोधी कार्रवाई के खिलाफ जमकार नारेबाजी की। इस दौरान नायब तहसीलदार गौरव ने कर्मचारियों को समझाने एवं दबाव बनाने का प्रयास किया, लेकिन कर्मचारियों ने एक सुर में दो टूक जवाब दिया कि प्रशासन तानाशाही न करें और कर्मचारियों से टकराव की स्थिति पैदा न करें, अन्यथा कर्मचारी जान पर खेलने को पूरी तरह से तैयार हैं।

कर्मचारी बिना मांग माने हड़ताल को खत्म नहीं करेंगे और न ही करने देंगे और वाहनों के पहिये एक इंच भी नहीं चलने देंगे। टकराव के दौरान कामरेड ओमप्रकाश, धर्मबीर भाटी, सुमेर आर्य, अनूप कोंटिया, कर्मचारी नेता संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव, लोकेश, जयहिंद पहलवान, रमेश, शिवकुमार, सुरेश, शेरसिंह, विशेष, राहुल, बिट्टू, रमेश, बाला, मनीषा, द्रोपदी, सीमा व सुनीता आदि मौजूद रहे।

### हड़ताल को विफल करने की नापाक कोशिश : ओमप्रकाश

जनसंघर्ष समिति के संयोजन कामरेड ओमप्रकाश ने बताया कि देर रात को प्रशासन ने सफाई कर्मियों की हड़ताल को विफल करने की नापाक कोशिश की हैं, जिसे नप कर्मियों, सर्व कर्मचारी संघ व जनसंघर्ष समिति के सदस्यों ने पहुंचकर प्रशासन व पुलिस की कार्रवाई को रोका हैं। सफाईकर्मी रोजी-रोटी व पेट की लड़ाई लड़ रहे हैं, ऐसे में प्रशासन व सरकार पुलिस का गलत इस्तेमाल करके कर्मचारी आंदोलन को विफल करना चाहती हैं, जो कर्मचारी किसी भी सूरत में सहन नहीं करेगा। पुलिसबल का इस्तेमाल चोर डकैत के खिलाफ होना चाहिए, शांतिपूर्वक आंदोलन करने वाले किसान, मजदूर व कर्मियों पर नहीं। उन्होंने कहा कि सांसद व विधायक पुरानी पेंशन का लाभ पा रहे हैं, जबकि कर्मचारी को 58 व 60 साल की नौकरी सेवा करने के बाद भी बुढ़ापे में पुरानी पेंशन का लाभ नहीं दिया जा रहा। सरकार एवं प्रशासन तानाशाही एवं जबरदस्ती करने की कोशिश न करें।

### प्रशासन औच्छे हथकंडे न अपनाएं : पुरुषोत्तम दानव

नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम दानव ने कहा कि गत नौ मई मंगलवार को भी नायब तहसीलदार ने डंपिंग स्टेशन से वाहन व जेसीबी निकलवाने का प्रयास किया था और उस दिन भी कर्मचारियों ने उन्हें तानाशाही, जबरदस्ती एवं औच्छे हथकंडे नहीं अपनाने को कहा था। इसके बावजूद नायब तहसीलदार ने गत मंगलवार देर रात को भी तानाशाही करते हुए नापाक कोशिश की, जिसे कर्मचारी वर्ग बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि हमारी हड़ताल शांतिप्रिय तरीके से चल रही हैं, प्रशासन इसे उग्र रूप देने के लिए उकसाने का प्रयास न करें। प्रशासन व सरकार ने मांगें मानने से पहले तानाशाही करनी चाही तो कर्मचारी जान पर खेलने को तैयार हैं, वह किसी भी सूरत में पीछे हटने वाला नहीं हैं।

## छेड़खानी के दोषी को पांच साल कैद और 41,000 रुपये जुर्माना



- आरोपी ने शिकायतकर्ता के पति व अन्य परिजनों के साथ मारपीट भी की थी

**भिवानी।** भिवानी निवासी महिला ने थाना सिवानी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह किसी कार्य से घर के बाहर गई हुई थी। 30 मई को शाम के समय आरोपी उनके घर में घुस गया और उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की। बाद में महिला द्वारा अपने पति को घटना की जानकारी दी गई। इसके पश्चात आरोपी ने शिकायतकर्ता के पति व अन्य परिजनों के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। इस शिकायत पर थाना सिवानी पुलिस ने संबंधित अभियोग दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया था। अभियोग के ट्रायल के दौरान पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर ्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए कारावास व जुर्माने की सजा सुनाई। आरोपी की पहचान धमन पुत्र सज्जन सिंह निवासी मोरका, थाना सिवानी, जिला भिवानी के रूप में हुई है। न्यायालय द्वारा आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत 3 वर्ष कैद व 20,000 जुर्माना, धारा 115 के तहत 1 वर्ष कैद व 1,000 जुर्माना, धारा 333 के तहत 5 वर्ष कैद व 10,000 जुर्माना तथा धारा 351(3) के तहत 5 वर्ष कैद व 10,000 जुर्माने की सजा सुनाई गई है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### हेरोइन सप्लाई करने के मामले में सप्लायर को किया गिरफ्तार

**तोशाम।** थाना तोशाम पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम द्वारा आरोपी सचिन निवासी बागनवाला को तोशाम क्षेत्र से मादक पदार्थ हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के कब्जे से 14.97 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद की गई थी। आरोपी सचिन ने बताया कि वह उक्त मादक पदार्थ अजय निवासी पीरावाली से खरीदकर लाया था। पुलिस टीम ने 12 मई को आरोपी को न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी की पहचान अजय निवासी पीरावाली, जिला हिसार के रूप में हुई है।

## शिक्षा बोर्ड में कल मनाया जाएगा 'नो व्हीकल डे': बोर्ड अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रधानमंत्री के आह्वान एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के निर्देशानुसार कल हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में 'नो व्हीकल डे' मनाया जाएगा।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने प्रेस वक्तव्य में बताया कि शिक्षा बोर्ड के सभी अधिकारी/ कर्मचारी कल किसी व्यक्तिगत मोटर व्हीकल का उपयोग किए बिना कार्यालय में आएंगे। जो कर्मचारी थोड़ा दूर से आते है वे कार/बाइक पूलिंग करते हुए या सार्वजनिक यातायात साधनों का इस्तेमाल करते हुए बोर्ड कार्यालय पहुंचना सुनिश्चित करें। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि सभी बोर्ड के अधिकारी एवं कर्मचारी पेट्रोल-डीजल वाहनों के स्थान पर साइकिल/ईलेक्ट्रिक वाहन व सार्वजनिक वाहनों को प्राथमिकता दें। उन्होंने बोर्ड कर्मियों को सप्ताह में कम से कम दो दिन (बुधवार व वीरवार) पेट्रोल/डीजल वाहनों का उपयोग न करने की अपील की।

## किरयाणा स्टोर पर शराब बिकने को लेकर महिलाएं ने लगाया जाम

फाटक पार ढाणी की महिलाओं ने पुलिस के आश्वासन पर खोला जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा में फाटक पार ढाणी में किरयाणा स्टोर पर कथित रूप से अवैध शराब बिकने के विरोध में बुधवार को महिलाओं ने रोड जाम कर दिया। महिलाएं लकड़ी व पत्थर डालकर सड़क पर बैठ गई। महिलाओं ने जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर महिलाएं जाम खोलने को राजी हुई। महिलाओं ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वे फिर से सडकों पर उतरने को मजबूर होंगी।

करीब 11 बजे उक्त इलाके की महिलाएं कस्बा को ढाणी को जोड़ने वाले मार्ग पर उतर आई। महिलाओं ने लकड़ियां व पत्थर डालकर वाहनों को रोकना आरंभ कर दिया। कुछ महिलाएं सड़क के बीच में बैठ गई। जिस वजह से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लंबी कतारे लग गई। जाम की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। तब जाकर महिलाएं जाम खोलने को राजी हुई।



**बवानीखेड़ा।** लकड़ी व पत्थर डालकर वाहनों को रोकते ग्रामीण।

प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि वार्ड की कई दुकानों पर खुलेआम अवैध शराब बेची जा रही है, जिससे युवाओं पर गलत प्रभाव पड़ रहा है और कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने ये सब प्रशासन की जानकारी में होने का भी आरोप लगाया। प्रदर्शन में शामिल पिंकी, लाजो, पूनम, कविता आदि लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मांग की कि अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि भविष्य में भी अवैध शराब की बिक्री बंद नहीं हुई तो वे दोबारा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**कार्रवाई की जाएगी:** इस बारे में थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि किसी भी सूरत में नाजायज शराब की बिक्री नहीं होने दी जाएगी। जो भी इस तरह के कार्य संलिप्त पाया जाता है। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## जेल में बंदियों को कराया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले में की जा रही है योग दिवस की तैयारी

डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा जिला में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां की जा रही है। इसी के तहत आयुष विभाग द्वारा जिला कारागार में विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें योग सहायक अनिल कुमार, सिकंदर और योगेश ने जेल बंदियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया।

उन्होंने योग से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कारागार में 11 से 15 मई तक योग शिविर आयोजित किया जा रहा है।योग सहायकों ने बंदियों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन एवं पवनमुक्तासन जैसे योगासनों का अभ्यास करवाया, जिनसे शरीर की लचीलापन बढ़ता है, मानसिक तनाव कम होता है तथा शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। इसके साथ ही बंदियों को अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी और गहरी श्वास संबंधी प्राणायाम तकनीकों का अभ्यास कराया गया। उन्होंने बताया कि नियमित प्राणायाम से फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है, मानसिक शांति मिलती है, तनाव व चिंता कम होती है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन का माध्यम भी है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को अनुशासन, आत्मविश्वास और मानसिक मजबूती प्रदान करता है।

## अधिवक्ता दंपति पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में विधानसभा अध्यक्ष को भेजी शिकायत

- विधायक ने सोशल मीडिया पर दम्पति अधिवक्ता को सुसरे जैसे शब्दों का किया इस्तेमाल

**भिवानी।** बवानीखेड़ा में दम्पित अधिवक्ता(राजेश सिंधू व मीना चौपड़ा) द्वारा गरीबों के मकान तोड़ने का विरोध विधायक को रास नहीं आया। अधिवक्ता पीड़ितों को मकान या उनकी जगह दिलाए जाने की मांग कर रहे थे,लेकिन विधायक ने उन पर ही नहीं बल्कि उनके पेशे(वकालत) पर जबरदस्त छींटाकशी की। विधायक ने सोशल मीडिया पर अधिवक्ता दम्पति को सुसरे आदि जैसे शब्दों का प्रयोग करके खूब बेईज्जत किया है। इन सभी आरोपों से दम्पति अधिवक्ता की समाज में मानहानि तो हुई है। साथ में आज तक पीड़ितों को भी कोई न्याय नहीं मिला है। जिसको लेकर दम्पति अधिवक्ताओं ने विधायक की शिकायत विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण को लिखित शिकायत भेजी है। भेजी गई शिकायत में बवानीखेड़ा में जिन पीडितों के मकान तोड़े गए है। उनको सिर छिपाने के लिए जगह दिलाने तथा विधायक द्वारा उन पर की गई अभद्र भाषा के प्रयोग पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने लिखित शिकायत में बताया कि विधायक ने सोशल मीडिया पर उनके व पत्नी अधिवक्ता पर खूब लांछन लगाए।

## समाधान समारोह को लेकर की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- विशेष लोक अदालत 21 से 23 अगस्त 2026 के दौरान आयोजित होंगी

हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के आदेशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर. चालिया के मार्गदर्शन में स्थानीय एडीआर सेंटर में समाधान समारोह को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम पवन कुमार ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित मामलों के सौहार्दपूर्ण निपटारे के लिए समाधान समारोह यानि विशेष समाधान अदालतों के आयोजन बारे विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बताया कि ये विशेष लोक अदालत माननीय उच्चतम न्यायालय में 21 से 23 अगस्त 2026 के दौरान आयोजित होंगी। सीजेएम पवन कुमार ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित मामलों के लिए जिला स्तर पर कमेटी का गठन किया गया है जिसमें एलएडीसी अधिवक्ताओं, मध्यस्थता अधिवक्ताओं, पैनल अधिवक्ताओं सहित अधिकार मित्रों को जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि समाधान समारोह के माध्यम से मामलों का शीघ्र, सरल एवं कम खर्च में निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा। लोक अदालत एवं वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली के माध्यम से न केवल न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आती है, बल्कि पक्षकारों के समय और धन की भी बचत होती है। साथ ही पारस्परिक संबंधों का संरक्षण भी संभव हो पाता है।

### सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी बंद, मिताथल और जुई में छोड़ा आधा-आधा पानी

# 2200 की थी उम्मीद सिर्फ 625 क्यूसेक पानी मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भले ही जिले की बारी से चार दिन पहले जुई को नहरी पानी मिल गया हो,लेकिन जिस वक्त बारी शुरू हुई। उस वक्त 22 सौ क्यूसेक की अपेक्षा महज सवा छह सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। नहरी पानी कम मिलने की वजह से सिंचाई विभाग ने सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी को बंद कर दिया। वहीं जुई फीडर में 444 क्यूसेक तथा मिताथल फीडर में 210 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इन दोनों नहरों में भी मांग से आधा पानी छोड़ा गया है। जिस वजह से नहरों के अंतिम छोर तक पानी ही नहीं पहुंच पाया है। जिसके चलते मिताथल व जुई फीडर पर पड़ने वाले अनेक गांवों के जलघरों के टैंक खाली रहने के आसार बन गए है। दूसरी तरफ सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी पर पड़ने वाले गांवों के जलघरों में पानी की कमी है। जिस वजह से वहां पर पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा है। जानकारी के अनुसार सिंचाई विभाग ने जिले की नहरों के लिए 22 सौ क्यूसेक पानी छोड़े जाने की मांग की थी। पीछे पानी कम होने की वजह से सुंदर ग्रुप की नहरों को महज सवा छह सौ क्यूसेक ही पानी मिला है। हालांकि सिंचाई विभाग का तर्क है कि अगले एक दो दिनों में पानी के बढने की उम्मीद है,जिसके लिए मुख्यालय पर सम्पर्क साधा जा रहा है,लेकिन फिलहाल पानी कम मिलने से जिले के हजारों एकड़ भूमि व जलघरों के टैंक खाली रहने के आसार बन गए है। भिवानी के अधिकांश इलाके में नहर पर आधारित पेयजल सप्लाई है। नहरी पानी से ही शहर, कस्बों व ग्रामीण इलाकों में ज्यादातर पानी की सप्लाई होती है। अगर नहरी पानी की कमी रहेगी तो लोगों के घरों तक पर्याप्त पीने के पानी की सप्लाई नहीं पहुंच पाएगी।



**भिवानी।** हैड पर सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी के बंद किए शटर का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### दोपहर बाद मिताथल फीडर में घटा पानी

बताते हैं कि करीब सप्ताहभर पहले शहर में पीने का पानी का संकट बनने की वजह से जुई नहर में चार सौ क्यूसेक पानी छोड़ दिया गया था। उसके बाद वह लगातार चलता रहा। 12 मई को सुंदर ग्रुप की सभी नहरों में पानी छोड़ा गया। रात को सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी छोड़ा गया,लेकिन कुछ घंटे पानी चलाने के बाद फिर से बंद कर दिया। सुबह मिताथल में 210 क्यूसेक लेकनि दोपहर बाद मिताथल फीडर में 196 तथा जुई नहर में 426 क्यूसेक पानी चलाया जा रहा है। उसके बाद पानी अचानक घट गया तो सुंदर को बंद कर दिया। पानी की कमी के चलते सिंचाई विभाग के अधिकारियों के समक्ष भी असमजस की स्थिति बनी हुई है।

## सड़क हादसे में मासूम बच्ची की मौत, बाइक चालक पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

- स्कूल के बाहर वाहन का इंतजार कर रहे थे पिता-पुत्री

बहल क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसे में ढाणी केहरा निवासी 9 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना के समय लड़की स्कूल के बाहर अपने पिता के साथ वाहन का इंतजार कर रही थी। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ढाणी केहरा (अमीनपुर) निवासी सुनील पुत्र दलवीर ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसकी 9 वर्षीय बेटी गरिवा गोकलपुरा स्थित स्कूल में पांचवीं कक्षा की छात्रा थी। मंगलवार सुबह वह बस से स्कूल गई थी। सुनील ने बताया कि उसे और उसकी पत्नी को रिश्तेदारी में जाना था, इसलिए वह करीब साढ़े दस बजे स्कूल पहुंचा और बेटी को छुट्टी दिलवाकर बाहर लेकर आया। दोनों सड़क किनारे वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान बहल की तरफ से तेज गति और लापरवाही से आ रहे बाइक चालक ने बच्ची को टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गई, जबकि बाइक भी सड़क किनारे कच्चे में जा गिरी। परिजन घायल बच्ची को तुरंत उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लोहारू लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर थाना बहल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतका के पिता के बयान के आधार पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।


तोशाम। प्रदर्शन को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित किसान। फोटो : हरिभूमि

# मकान तोड़ने के मामले में अदालत ने दिया यथास्थिति बनाए रखने का आदेश

## नगर पालिका ने 5 अप्रैल को ही पीड़ितों के मकानों पर चलाई थी जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा में नपा द्वारा नगर पालिका की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर मकानों के निर्माण के के मामले को लेकर उनके मकानों को तोड़ने पर बुधवार को अतिरिक्ति सिविल जज सोहन लाल मलिक की अदालत ने स्टेस को यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। पीड़ित के अधिवक्ता मनमोहन सिंह भुरटाना ने बताया कि पीड़ित परिवार को नगर पालिका बवानीखेड़ा के द्वारा 20 अप्रैल 2026 को खसरा नं. 266 के किला नं. 7, 11, 12, 13, 14, 17, 18, 19, 20,21, 22, 23,24, 25 से मकान हटाने के लिए नोटिस भेजा था। जिसका जवाब पीड़ित ने 22 अप्रैल 2026 को लिखित में दे दिया था और उसने बता दिया था कि उसका मकान खसरा नं. 295 के किला नं. 7 में होता है। मगर नगर पालिका बवानीखेड़ा की मंशा को भांपते हुए पीड़ित ने 4 अप्रैल 2026 को सिविल कोर्ट भिवानी में अपनी याचिका दायर की। जिसपर सुनवाई करते हुए सिविज जज सोहन लाल मलिक की अदालत ने 6 अप्रैल 2026 को बवानीखेड़ा नपा के सचिव को नोटिस जारी किया। अधिवक्ता ने बताया कि न्यायालय के द्वारा नगर पालिका को नोटिस जारी होने के उपरांत भी 5 अप्रैल को ही आनन-फानन में पीड़ितों के मकानों पर जेसीबी चला दी। फिर 6 अप्रैल को पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता ने माननीय न्यायालय में दर्खास्त दाखिल कर तहसीलदार बवानीखेड़ा व हल्का गिरदावर बवानीखेड़ा को लोकल कमीशन मनोनित करवाया। जिस पर न्यायालय ने तहसीलदार बवानीखेड़ा व हल्का गिरदावर बवानीखेड़ा को आदेश दिए की पीड़ित पक्ष के मकान वाली जगह पर मौका पर जाकर रिपोर्ट तलब करें कि यह मकान किस खसरा नंबर में है तथा पीड़ितों की मकानों की दशा कैसी है तथा पार्क बनाए जाने वाले स्थान से मकान वाली जगह कितनी दूर है। 13 मई 2026 को तहसीलदार बवानीखेड़ा व हल्का गिरदावर बवानीखेड़ा ने अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि पीड़ित का मकान खसरा नं. 266 में ना होकर मकान खसरा नं. 295 के किला नं. 7 में स्थिति है। उन्होंने बताया कि आज इस मामले में अदालत में दोनों पक्षों की तरफ से जोरदार दलीलें दी गई। अधिवक्ता ने न्यायालय के समक्ष बताया कि नगर पालिका पीड़ितों व उनके समान को जबरदस्ती बाहर निकाल सकती है तथा उनके पशुओं को नुकसान पहुंचा सकती। जिस पर अतिरिक्त सिविल जज सोहन लाल मलिक की अदालत ने स्टेटस क्यू का आदेश पारित करते हुए यथा स्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। तथा आगे की कार्रवाई के लिए 4 अगस्त 2026 की तारीख दी।

■ अदालत ने आगे की कार्रवाई के लिए 4 अगस्त 2026 की तारीख दी है



## पीड़ितों के नए मकान नहीं बनवाए तो कांग्रेस शुरू करेगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सीपीएस जयवीर वाल्मीकि ने कहा कि कस्बा बवानी खेड़ा में पिछले दिनों एसई समाज के व्यक्तियों के मकान तोड़कर भाजपा ने एसई वर्ग विरोधी होने का प्रमाण दिया है। इसी तरह से सफाई कर्मचारी 13 दिन से हड़ताल पर है और प्रदेशभर में जगह जगह गंदगी जमा है तथा नागरिक परेशान है लेकिन सरकार को न तो कर्मचारियों की चिंता है और न ही नागरिकों की। अगर जल्द जमीन उपलब्ध करवाकर तोड़े गए परिवारों के मकान नहीं बनवाए गए और सफाई कर्मचारियों की मांग नहीं मानी गई तो कांग्रेस पार्टी प्रदेश में बहुत बड़ा आंदोलन शुरू करने को मजबूर होगी। पूर्व सीपीएस ने कहा कि बवानी खेड़ा में एसई वर्ग के लगभग 15 परिवारों के मकान को तोडकर बेघर करने से स्पष्ट है कि भाजपा पार्टी उक्त समाज की विरोधी है।

भाजपा में सरकार में उक्त समाज से संबंध में मंत्री भी है लेकिन अब मूक दर्शक बने हुए है, उन परिवारों की मांग उठाने की बजाए दबाने का काम कर रहे है। जयवीर वाल्मीकि ने कहा कि प्रदेश में सफाई कर्मचारी मांगों को लेकर हड़ताल पर है। लेकिन सरकार उनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। गंदगी के कारण प्रदेशभर में नागरिकों को परेशानी हो रही है तथा सरकार कर्मचारियों की मांग पूरी नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की सभी मांग जायज है तथा सरकार को तुरंत प्रभाव को उनकी मांग पूरी करनी चाहिए। कच्चे कर्मचारियों तुरंत प्रभाव से पक्का करें नहीं तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन शुरू करने पर मजबूर होगी।


जयबीर सिंह वाल्मीकि

भाजपा ने एसई वर्ग विरोधी होने का प्रमाण दिया

## मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

बुधवार को अखिल भारतीय किसान सभा ने बिजली की हाईटेंशन लाइनों पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के टावरों व तारों के उचित मुआवजा के लिए तोशाम क्षेत्र के विभिन्न गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि एकजुट होकर वीरवार 14 मई को बिजली की हाई-टेंशन लाइनों के टावरों व तारों के उचित मुआवजा व उचित भूमि मूल्यांकन के लिए भिवानी उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि इसके लिए भारी संख्या में भिवानी डीसी कार्यालय पर पहुंचे। इसके अलावा इस दौरान बिजली की हाईटेंशन लाइन का मुआवजा जो वहां का मार्केट रेट यानी बाजार मूल्य के हिसाब से मिलना चाहिए इसके बारे में चर्चा की। उनका कहना था कि जमीन के मालिक किसान को तो सिर्फ एक बार मुआवजा मिलता है जबकि बिजली कंपनी यानी अड़ानी-अंबानी बिजली की इन हाईटेंशन लाईनों के इस पूरे नेटवर्क से मिलने वाले ट्रांसमिशन चार्जर से लगातार भारी मुनाफा होगा इसलिए किसान को वार्षिक के हिसाब से कुछ रॉयल्टी अलग से मिले जिससे किसान का गुजारा ठीक ढंग से हो जाए। किसानों के लैंड वैल्यूवर की फिस पावर ग्रिड कंपनी ने दी है जो उन्होंने किसानों की जमीन का भूमि मूल्यांकन बहुत ही कम लगाया है क्योंकि यह तो वही बात हुई जिसकी खां बाखली उसके गावें गीत।

इस तरह मुआवजा व रॉयल्टी पर विभिन्न प्रकार की चर्चा हुई। इस दौरान किसानों ने आपस में बिजली की हाईटेंशन लाइन के बारे में बहुत सी चर्चा की और 14 मई वीरवार को भिवानी जिला डीसी कार्यालय पर भारी संख्या में प्रदर्शन करने का ऐलान किया।

■ मार्केट रेट के हिसाब से मुआवजा देने की मांग की

## खबर संक्षेप

### हाई सिक्योरिटी व्यवस्था की पोल खुली : प्रदीप

**तोशाम।** नीट यूजी पेपर लीक सरकार की घोर विफलता का सबूत है यह सिर्फ एक परीक्षा का रद्द होना नहीं है, बल्कि देश के लाखों होनहार युवाओं की मेहनत पर सरेआम आघात है। उक्त शब्द कांग्रेस के जिला महासचिव प्रदीप बंसल ईशरवाल ने नीट यूजी परीक्षा रद्द होने पर केंद्र सरकार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि सरकार एक तरफ हाई सिक्योरिटी और पारदर्शिता के बड़े-बड़े दावे कर जनता को गुमराह करती रही, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आज पेपर लीक माफिया पूरी सरकारी व्यवस्था पर हावी हो चुका है।

### रोटरी क्लब भिवानी डाउनटाउन ने वितरित की पानी की बोतलें

**भिवानी।** रोटरी क्लब भिवानी डाउनटाउन ने सेक्टर 23 स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 80 विद्यार्थियों को मिल्टन कंपनी की पानी की बोतल वितरित की। इस सेवा प्रकल्प का उद्देश्य बच्चों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल के प्रति जागरूक करना तथा स्वच्छ जल व साफ सफाई के प्रति रोटरी के वैश्विक अभियान को आगे बढ़ाना रहा। रोटरी कल्ब का मानना है कि स्वच्छ जल प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है और स्वस्थ जीवन की पहली आवश्यकता भी हैं। इस मौके पर बोलते हुए प्रोजेक्ट चेयर रोटेरियन दर्शन मिढ़ा व आशु सिंगला ने कहा कि गर्मियों के मौसम मे छोटे बच्चों को साफ व शीतल पीने के पानी की उपलब्धता रहे, इसी उद्देश्य से बोतले वितरित की गई है।

### शहीद अनिल के घर में गूंजी किलकारी

**तोशाम।** साल 2025 में दिवाली पर देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए गांव खरकड़ी माखवान के जवान अनिल पंघाल के घर बुधवार को खुशियों ने दस्तक दी है। क्योंकि जब अनिल पंघाल शहीद हुए उस समय उनकी पत्नी गर्भवती थी। जिसके चलते शहीद अनिल की धर्मपत्नी ने बुधवार को एक स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया है, जिससे परिवार तथा गांव में खुशी का माहौल है। नवजात के आगमन से परिवार में जहां एक तरफ शहीद की यादें ताजा हो गईं, वहीं दूसरी तरफ शहीद के घर-आंगन में नई उम्मीद और जीवन का उजाला भी फैल गया है। परिवार के अनुसार, शहीद अनिल की शहादत के बाद से पत्नी ने बेहद हिम्मत से अकेले ही इस कठिन समय का सामना किया।

### निकाय चुनाव में कांग्रेस हुई ध्वस्त : वीरेंद्र कौशिक

**भिवानी।** हरियाणा निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा भिवानी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने प्रदेश की जनता, पार्टी नेतृत्व एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में निकाय चुनावों में भाजपा को मिला भारी जनसमर्थन यह साबित करता है कि जनता मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही विकासवादी और पारदर्शी सरकार के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी के विकास कार्यो आगे निकाय चुनाव में कांग्रेस पूरी तरह से ध्वस्त हो गई।

## वीर इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने ताइक्वांडो में जीते 15 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

वीर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम पूरे जिले में गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में स्कूल के होनहार खिलाड़ियों ने 15 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा, अनुशासन एवं कठोर परिश्रम का शानदार परिचय दिया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, तीन रजत तथा 10 कांस्य पदक जीते। विद्यालय के निदेशक मंडल एवं प्राचार्य ने सभी विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी विशेष महत्व दिया जाता है, जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। विद्यालय प्रबंधन ने ताइक्वांडो प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार जताया, जिनके मार्गदर्शन से विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। स्कूल में विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया गया।


बाढ़डा। जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विजेता खिलाडियों के साथ स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## डंपरों में क्षमता से अधिक पत्थर डालने के विरोध में गाड़ी मालिकों ने किया काम बंद

■ एचएसआईआईडीसी एक गाड़ी में 10 टन पत्थर डाल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

एक तरफ तो सरकार ओवरलोड को लेकर सख्त है। वहीं खानक पहाड़ में खनन करने वाली कंपनी एचएसआईआईडीसी डंपरों में ओवरलोड पत्थर डाल रही है। जिसके चलते गाड़ी मालिकों ने बुधवार को काम बन्द कर दिया। इसको लेकर उन्होंने एक पत्र एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों को भी दिया है।

गाड़ी मालिको का आरोप है कि क़रीबन 10 टन तक ओवरलोड पत्थर डाला जा रहा है जो गलत है। रविन्द्र, जितेंद्र, नवीन, सुनील, राजेश, सोनू, बजरंग, सुरेश, बिजेंद्र, राजकुमार, अजय आदि गाड़ी मालिक व चालकों का कहना है कि अगर ओवरलोड डंपर चलेंगे तो उनकी जान-माल को खतरा होगा। चालकों ने बताया कि करीब 9 सौ फुट की ऊंचाई से उन्हें पत्थर भरकर लाना पड़ता है। इतनी ऊंचाई से ओवरलोड पत्थर भरकर किसी जोखिम से कम नहीं है। ओवरलोड डंपर चलने से राहगीरों व ग्रामीणों को काफी समस्या होती हैं। गाड़ी मालिक व ड्राइवरों ने इसके विरोध में बुधवार को काम बन्द कर दिया। खानक पहाड़ में पिछले क़रीबन 10 दिनों से ओवरलोड पत्थर भरकर बाहर निकाला जा रहा है। जो नियमों के विरूद्ध है। गाड़ी मालिकों का कहना है कि उन्होंने पहाड़ में गाड़ी चलाने के लिए एफिडेविट दे रखे हैं जिसमे लिखा गया है कि अगर कोई नुकसान होता है तो जिम्मेवारी गाड़ी मालिक की होगी।


तोशाम। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## शिविर में 60 युवाओं ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व सांसद एवं सदभाव यात्रा के संयोजक बृजेन्द्र सिंह के 54वें जन्मदिवस के अवसर पर चौ. बंसीलाल सामान्य अस्पताल के ब्लड बैंक में पूर्व विधायक डा. शिवशंकर भारद्वाज व डा. चरण सिंह विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष रजु अहलावत की अध्यक्षता में भिवानी कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष विजेन्द्र सिवाच व युवा शक्ति बदलाव की ओर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिवाच के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कांग्रेस सेवा दल के जिला प्रधान विजेन्द्र सिवाच ने बताया कि पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह का जन्मदिन पूरे प्रदेश में सद्भाव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस दिन अनेक प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके तहत भिवानी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और लगभग 60 युनिट रक्त एकत्रित किया गया। पूर्व विधायक डा. शिवशंकर भारद्वाज व रजु अहलावत ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौंसला बढ़ाया और कहा कि रक्तदान महादान है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी का जीवन दान बन सकता है। शिविर में सीएमओ डा. रघुबीर सिंह शांडिल्य ने भी युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया और कहा कि हमें समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से हमारा स्वास्थ्य सही रहता है।

■ कांग्रेस सेवा दल के जिला प्रधान विजेन्द्र सिवाच ने लगवाया शिविर

## डॉ. नरेंद्र चाहर को किया सम्मानित

■ डॉ. चाहर को शॉल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वैश्य महाविद्यालय के पुस्तकालय विभाग द्वारा पुस्तकालय के कन्वीनर, अर्थशास्त्र विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. डॉ. नरेंद्र चाहर को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल,उप प्राचार्य प्रो धीरज त्रिखा,पुस्तकालयाध्यक डॉ मंगतराम, डॉ सुरेंद्र दलाल डॉ मोहनलाल, डॉ पवन गुप्ता, डॉ सुरेंद्र कुमार, प्राध्यापक सुनील कुमार, डॉ सुरेश कुमार,कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज,ललित शर्मा एवं पंकज पंवार ने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संगठन के वाइस प्रेसिडेंट तथा महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. डॉ. नरेंद्र चाहर को उनके गौरवपूर्ण शैक्षिक, सामाजिक एवं संगठनात्मक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में प्राध्यापकगण, एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. चाहर को शॉल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. संजय गोयल ने कहा कि प्रो. डॉ. नरेंद्र चाहर ने अपने समर्पण, अनुशासन और शिक्षा के प्रति निष्ठा से महाविद्यालय की प्रतिष्ठा को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. चाहर का व्यक्तित्व युवा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।


भिवानी। कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



### अधिकारियों व कर्मियो ने किया योग अभ्यास

**बाढ़ड़ा।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में बुधवार को पुलिस थाना बाढ़ड़ा में योग प्रोटॉकोल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। आयुष विभाग जिला चरखी दादरी के दिशा निर्देशन में पुलिस विभाग में पांच दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत कल बुधवार को जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राकेश वशिष्ठ और जिला योग समन्वयक डॉ. परमिल फोगाट के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया, जिसमें आयुष योग शिक्षक योगाचार्य दिनेश रोहिल्ला, नरेंद्र सिंह व कविता ने पुलिस चौकी अटेला व पुलिस थाना बाढ़ड़ा के अधिकारियों व कर्मचारियों को योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत मंत्र उच्चारण, यौगिक सूक्ष्म क्रियाएं, योगासन, प्राणायाम ध्यान आदि अभ्यास करवाया।

### नवनिर्मित भवन का मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

**लोहारू।** लोहारू इलाके में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने करीब 50 लाख रुपये की लागत से ब्लाक जनस्वास्थ्य यूनिट भवन का निर्माण करवाया है। इस नवनिर्मित भवन का प्रदेश के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी जल्द ही वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। बीते लोहारू दौरे के तहत यह जानकारी सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने दी थी। सिविल सर्जन ने लैब को नए बीपीएचयू भवन में शिफ्ट करने, एक्स-रे रूम को शीघ्र तैयार करने तथा जल्द नई एक्स-रे मशीन की स्थापना के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के एचकेआरएनएल कर्मियों ने मांगों को लेकर अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले डॉ. रघुवीर शांडिल्य को ज्ञापन सौंपा था।

### 75 वर्ष पुराने पेड़ों को बचाने की पहल : संदीप

**तोशाम।** एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार की प्राण वायु देवता पेंशन योजना के तहत 75 वर्ष से अधिक पुराने पेड़ों के मालिकों को पेंशन दी जा रही है। सरकार की पर्यावरण संरक्षण के लिए 75 वर्ष पुराने पेड़ों को बचाने की सरकार की अनूठी और कारगर पहल है। इस योजना का उद्देश्य पुराने पेड़ों को कटने से बचाना और लोगों को इनके संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। एसडीएम ने बताया कि जिन लोगों के पास 75 साल पुराने पेड़ हैं,उनके मालिकों को पेशन दी जाएगी। एसडीएम संदीप ने बताया कि उपमंडल में जिस पंचायत और पेड़ के मालिक की ओर से प्रशासन को पत्र मिलेगा, उस गांव में 75 वर्ष से अधिक पुराने पेड़ों की जानकारी देनी होंगी।

### छह युवाओं रक्तदान कर बचाई जान

**भिवानी।** शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा व रक्तदान मनीष वर्मा की प्रेरणा से युवावर्ग बढ़-चढ़कर रक्तदान शिविरों में भागीदारी दिखा रहा है, ताकि जरूरतमंद व्यक्ति की रक्त के अभाव में जान न जाए। इसी कड़ी में शहर के तीन निजी अस्पताल मे अलग-अलग ब्लड ग्रुप के ब्लड की जरूरत हुई तो सुरेश, योगेश, रोहित, संजय, कृष्ण व रोहित ने रक्तदान किया। शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि रक्तदान केवल किसी व्यक्ति की जान को तो बचाता है, साथ-साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता हैं, क्योंकि ये किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता कि उसके द्वारा दिया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा हैं। रक्तवीर ने कहा कि कई बार डिलीवरी के समय महिलाओं में रक्त की भारी कमी पाई जाती है तथा डिलीवरी के समय उन्हें रक्त की आवश्यकता पड़ती है, ऐसे में एक-एक रक्तदाता महत्वपूर्ण हो जाता है।

### बवानीखेड़ा के 4 विद्यालयों में होगी असेसमेंट, जिले के 19 विद्यालय होंगे शामिल

## टैब आधारित बेसलाइन एसेसमेंट से किशोरियों की सीखने की क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ेगा

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

19 राजकीय कन्या विद्यालयों में अब छात्राओं की शैक्षणिक स्थिति का आकलन आधुनिक तकनीक के माध्यम से किया जाएगा। स्वतालीम फाउंडेशन और हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा मिलकर जिले के चयनित विद्यालयों में टैब आधारित बेसलाइन एसेसमेंट आयोजित किया जा रहा है।

इस पहल का उद्देश्य किशोरियों की सीखने की क्षमता, आत्मविश्वास और तकनीकी समझ को बढ़ावा देना है, ताकि छात्राएं बिना झिझक अपनी शैक्षणिक प्रगति को बेहतर बना सकें। ''सहेली की उड़ान'' के तहत किशोरियों के लिए महत्वपूर्ण कौशल और फाउंडेशनल इंग्लिश पर विशेष फॉक्स करना है। यह एसेसमेंट कक्षा 6 से 9 तक की छात्राओं के लिए आयोजित होगा। 19 राजकीय कन्या विद्यालयों को इस योजना में शामिल किया गया है।


बवानीखेड़ा। क्लास में टैब पर कार्य करते बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

### प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर तैयार हो सकेंगी

भिवानी के डीपीसी शिव कुमार तवंर, एपीसी विवेक अदलखा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की कई छात्राएं तकनीक के प्रयोग में झिझक महसूस करती हैं। ऐसे में टैब आधारित एसेसमेंट उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने का काम करेगा। इससे छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे भविष्य में ऑनलाइन शिक्षा तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकेंगी। विद्यालयों में छात्राओं को पहले ही टैब चलाने और परीक्षा प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जा रही है। शिक्षकों का कहना है कि यह पहल छात्राओं के लिए काफी लाभकारी साबित होगी। इससे न केवल उनकी पढ़ाई का स्तर पता चलेगा, बल्कि उनमें तकनीकी कौशल भी विकसित होगा। अभिभावकों ने भी इस पहल का स्वागत किया है। उनका कहना है कि बदलते समय में बच्चों को तकनीक से जोड़ना जरूरी है और सरकारी विद्यालयों में इस प्रकार की आधुनिक व्यवस्था शुरू होना सराहनीय कदम है।

### असैसमेंट होगी मील का पत्थर साबित

स्वतालीम फाउंडेशन की कलस्टर लीड कर्मचारी रमन देवी ने बताया कि आयोजित इस बेसलाइन एसेसमेंट का मुख्य उद्देश्य छात्राओं की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति का मूल्यांकन करना है। परीक्षा के दौरान छात्राओं की भाषा, गणित, सामान्य ज्ञान और तार्किक क्षमता से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे। पूरी परीक्षा टैब पर होगी, जिससे छात्राओं को डिजिटल माध्यम से सीखने और तकनीक का उपयोग करने का अनुभव भी मिलेगा।

### भगवान भक्त की हर परिस्थिति में करते सहायताः विजय शास्त्री

**भिवानी।** दिनोद गेट स्थित बैंकट हॉल में चल रही श्रीश्याम पुराण कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा का वाचन करते हुए विजय शास्त्री में बताया कि जब भक्त भगवान को पुकारते है तो भगवान उसकी हर परिस्थिति में सहायता करते है। उन्होंने कहा कि जब द्रोपदी का चीर हरण हो रहा था, तब उसने पांचों पांडव, आचार्य द्रोणाचार्य एवं पितामह भीष्म से सहायता की गुहार लगाई, लेकिन उसे निराशा ही हाथ लगी। इसके बाद द्रोपदी ने अंत में भगवान श्रीकृष्ण को पुकारा और ताज बचाने की गुहार लगाई, इस पर भगवान श्रीकृष्ण ने भक्त एवं अपनी सखी द्रोपदी की पुकार को सुनकर उसके चीर को इतना ज्यादा बढ़ा दिया कि दस हजार हाथियों के बल वाला दुशासन साड़ी खींचते खींचते मूर्छित हो गया, लेकिन द्रोपती की साड़ी कम नहीं हुई।

### सांसद ने सोना नहीं खरीदने और शादी एवं मृत्युभोज में फिजूलखर्ची नहीं करने की अपील

# नेशन फर्स्ट और नेशन मस्ट के सिद्धांत पर चलकर राष्ट्रहित में करें कामः सांसद

■ प्रधानमंत्री मोदी की अपील के अनुरूप संसाधनों का सीमित एवं संयमित उपयोग कर राष्ट्रनिर्माण में बने सहभागी : सांसद धर्मबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के अनुरूप हमें संसाधनों का सीमित एवं संयमित उपयोग कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनना चाहिए, हम सबके लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है और इसी समर्पण भाव के साथ हमें नेशन फर्स्ट, नेशन मस्ट एवं नेशन ऑलवेज के सिद्धांत पर चलकर पूर्ण समर्पित भाव से राष्ट्रहित में काम करना चाहिए, ये बात भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह ने कही। वे बुधवार को अपने निवास स्थान पर जनसंवाद कार्यक्रम में जनसुनवाई कर रहे थे।

सांसद धर्मबीर सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने 11 मई को राष्ट्र के नाम संबोधन में देशवासियों से अगले एक साल तक सोना नहीं खरीदने की अपील की है। इस



भिवानी। अपने निवास स्थान पर जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों की शिकायतें सुनते सांसद धर्मबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

अनूठी अपील का उद्देश्य पश्चिमी एशिया में संघर्ष के कारण बढ़ती तेल की कीमतों के बीच भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को संरक्षित करना और रुपये की स्थिति को मजबूत रखना है। सांसद धर्मबीर ने कहा कि लोग सोना न खरीदें, क्योंकि शादी विवाह रिवाजों में सोने की खरीद के प्रचलन एवं देखा देखी अंधाधुंध होड़ ने आमजन एवं मध्यम परिवार को भी कर्जवान बना दिया है, जिससे बचने के लिए सोना न खरीदें। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भी हमें स्वस्थ जीवन के लिए कम खाने, नियमित रूप से शारीरिक श्रम करने की सलाह देता है। आज हम देखते हैं कि छोटे छोटे कम दूरी के कामों के लिए भी व्हीकल का प्रयोग करते हैं, जिससे शरीर व पैसे की बर्बादी होती है। उन्होंने पैदल चलने और साइकिल के प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने सभी नागरिकों से कार्यों के लिए निजी वाहनों के प्रयोग की बजाय रेल एवं बस यातायात का प्रयोग करने का आह्वान किया। सांसद ने पेट्रोल-डीजल एवं खाद्य तेल की खपत कम करने और आम नागरिकों से अनावश्यक यात्राओं से भी बचने की सलाह दी। सांसद धर्मबीर सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं बड़े अधिकारियों को अपने काफिले में कम से कम वाहनों का प्रयोग करने का आह्वान किया। आज के समय की मांग है कि हम सोना न खरीदकर इसके अन्य आवश्यक एवं अंधाधुंध प्रचलन को कम कर अपने संसाधनों का सीमित एवं संयमित उपयोग करें और इसके लिए सबकी सहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और अधिकारियों को उनके तत्काल समाधान के दिशा निर्देश दिए।

▶▶| सांसद धर्मबीर सिंह ने अपने निवास स्थान पर कार्यक्रम में की जनसुनवाई

### एचबीएसई और सीबीएसई के 12वीं के परिणाम में चमके विद्यार्थी, अपनी प्रतिभा का मनवाया लोहा

# शिवम स्कूल के 137 विद्यार्थियों में से 121 मेरिट में


भिवानी। बेहतरीन रिजल्ट आने पर खुशी मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में शिवम सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोहानी ने कुल 137 छात्रों ने मार्च में परीक्षा दी जिसमें 121 छात्रों ने 75 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया और इस वर्ष ऐतिहासिक परीक्षा परिणाम दिया। छात्रा चेतना पुत्री सोनू लोहानी ने विज्ञान संकाय में 486/500 अंक प्राप्त करके जिला भिवानी में दूसरा स्थान हासिल करके पूरे क्षेत्र में नाम रोशन किया। शीतल लोहानी 475 , पायल धीराना 475 अंक लेकर अच्छा परिणाम हासिल किया। उनकी इस शानदार उपलब्धि ने अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का कार्य किया। यह सफलता विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और विद्यालय प्रबंधन के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का परिणाम है।

■ चेतना ने विज्ञान संकाय में 486 अंक प्राप्त करके जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया

विद्यालय ने सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को प्राथमिकता दी है। विद्यालय के निदेशक देवेंद्र सिंह तंवर, संचालक निशांत तंवर, प्राचार्य संजय शर्मा एवं समस्त स्टाफ ने सभी सफल छात्रों और अभिभावकों को अच्छे परिणाम के लिए बधाई दी।

## वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम लगातार 17वीं बार रहा शत-प्रतिशतः बृजलाल सर्राफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वैश्य मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रबंधकारिणी समिति के महासचिव बृजलाल सर्राफ ने 12वीं कक्षा की बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं अध्यापकवृंद को संबोधित करते हुए कहा कि सदैव की भांति कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने भी कक्षा दसवीं की भांति शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने की परंपरा का निर्वहन करते हुए एक ही क्रम में लगातार 17वीं बार शत प्रतिशत परिणाम प्रदान कर विद्यालय को गोरवांवित किया। उन्होंने कहा कि इसका श्रेय जहां एक और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत को जाता है वहीं दूसरी ओर यह प्राचार्या एवं शिक्षकवृंद के समयोचित मार्गदर्शन तथा उनकी प्रतिबद्धता, निष्ठा व लगन का भी परिणाम है। प्राचार्या कमला गुरेजा ने बताया कि कक्षा 12वीं की परीक्षा में विद्यालय के कुल 281 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे जिनमें से 4 विद्यार्थियों के अंक 95 प्रतिशत या उससे अधिक रहे, 28 विद्यार्थियों के अंक 90 प्रतिशत या अधिक रहे ,173 विद्यार्थी 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में रहे तथा कुल 269 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। सभी 281 विद्यार्थी अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो गए और इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम एक बार पुनःशत प्रतिशत रहा। मात्र 11 विद्यार्थियों के अंक ही द्वितीय श्रेणी में रहे ।कॉमर्स संकाय में खुशी 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम रही,विज्ञान संकाय में हिमानी 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम रहीं तथा कला संकाय में हिमांशी 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम रही।


भिवानी। बेहतरीन रिजल्ट आने पर खुशी मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## ग्रीन मीडोज स्कूल के 24 विद्यार्थियों ने हासिल की मेरिट




चरखी दादरी। गांव चरखी स्थित ग्रीन मीडोज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों का कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। प्राचार्य सुरेश सांगवान ने बताया कि 70 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 24 बच्चों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया है। छात्रा रीतू ने 492 अंक के साथ अपने वर्ग में न सिर्फ विद्यालय बल्कि पूरे जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। परिणाम शत प्रतिशत रहा है। रीतू व योगिता ने राजनीति विज्ञान विषय में शत प्रतिशत अंक हासिल किए। रीतू के इतिहास व भूगोल में भी प्रत्येक विषय में 100 अंक रहे। आरती ने गृह विज्ञान मे 100 में से 100 अंक पाए हैं। उल्लेखनीय सफलता पर प्राचार्य सुरेश सांगवान, योगेंद्र सांगवान, अरविंद सांगवान, रविंद्र, रणजीत, रमन, मुकेश, नरेश, विकास, प्रदीप सांगवान, राजू सिंह, बबिता पूनिया, पुष्पा सहित समस्त स्टाफ ने बधाई दी।



## एचडी स्कूल का परिणाम रहा उत्कृष्ट

चरखी दादरी। एचडी स्कूल बिरोहड़ का परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में 97.8 प्रतिशत अंक लेकर कला संकाय से प्राची महला ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राची ने संगीत में 100, इतिहास में 99, हिन्दी एवं राजनीति शास्त्र में 97 अंक प्राप्त कर अपने स्कूल, अपना व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। द्वितीय स्थान पर रही श्रुति बिरोहड़ ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। श्रुति ने इतिहास में 100, राजनीति शास्त्र में 97, हिन्दी एवं अंग्रेजी में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। रिया श बिरोहड़ ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कला संकाय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में अमित गांव बिरोहड़ ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या नमिता दास व उप प्राचार्य नवीन सनसनवाल ने संयुक्त रुप से बताया कि 11 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और 30 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया। विशेष रुप से इतिहास में 100, संगीत में 100, गणित में 99, अंग्रेजी में 99, भौतिक विज्ञान में 95, रसायन विज्ञान में 94, हिन्दी में 97, राजनीति शास्त्र में 97, जीव विज्ञान में 95 आर्थिक शास्त्र में 98 अंक प्राप्त कर विद्यार्थियों ने स्कूल का नाम रोशन किया।

## डीएसएम स्कूल असावरी के 30 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की




चरखी दादरी। कस्बा झोझू कलां स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल असावरी के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय की मेधावी छात्रा धीरज ने 92.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, सुमित ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं हिमांशु ने 91.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। रक्षिता और अंतिम ने संगीत में शत - प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 30 छात्रों ने मैरिट में स्थान बनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय का 10वीं का परिणाम भी शानदार और ऐतिहासिक रहा था। विद्यालय की 10वीं कक्षा की छात्रा वंशिता ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया था। इस शानदार सफलता पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक अरूण कुमार , शिक्षा समिति के प्रधान तेजेन्द्र आर्य एवं वरिष्ठ सदस्य श्री प्रद्युमन ने अध्यापकों, छात्रों एवं अभिभावकों को बधाई दी तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत, तनिषा प्रथम रही

चरखी दादरी। 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में कादमा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत शानदार रहा। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय की छात्रा तनिषा ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा रवीना ने 93.8 प्रतिशत, अंजू ने 93.2 प्रतिशत, कनिका ने 93 प्रतिशत, अंतिमा पुत्री सत्यवान ने 92.2 प्रतिशत, अक्षिता ने 92 प्रतिशत, इशिका ने 91.8 प्रतिशत, स्नेहा ने 91.4 प्रतिशत तथा हीना ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के कुल 35 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## केएम पब्लिक स्कूल में कला संकाय की दिक्षा ने 95.8 प्रतिशत अंक हासिल कर मारी बाजी

भिवानी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया जिसमें केएम पब्लिक स्कूल की बारहवींकक्षा का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा । कला संकाय मेंदिक्षा ने 95.8,नॉन मेडिकल संकाय में भाविका सैनी ने 95.6,वाणिज्य संकाय में सिद्धार्थ गर्ग ने 95तथा मेडिकलसंकाय में योग्यता शर्मा ने 87.6प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने-अपने संकाय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 180 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी तथा 15 विद्यार्थियों ने 90प्रतिशत, 69 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत और 156 विद्यर्थियो ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। संस्कृत में योग्यता शर्मा, संजना व प्रिया तथा पेंटिंग में मोक्षा ने 100 अंक प्राप्त किये। इस बड़ी उपलब्धि से प्रसन्न होकर विद्यालय प्रशासक सह-अतिरिक्त उपायुक्त, भिवानी दीपक बाबूलाल करवा, प्राचार्या श्रीमती रेनू सैनी, उप-प्राचार्या श्रीमती नीलम गौतम, परीक्षा प्रभारी उमंग गर्ग तथा विद्यालय के सभी अध्यापकगण ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम के लिए बधाई दी।



## आईपीएस स्कूल का परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन



चरखी दादरी। बीआर शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित आईपीएस स्कूल बिरही कलां के विद्यार्थियों ने कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक पहचान को और मजबूत किया है। विद्यालय की होनहार छात्रा अंशु ने 500 में से 468 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं गोपाल ने 444 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा ऊषा ने 443 अंक अर्जित कर तृतीय स्थान हासिल किया।

## आदर्श विद्यालय के 52 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा





आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय निदेशक विकास यादव व प्रधानाचार्य ताराचंद यादव ने सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों को शानदार परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी। उप प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने बताया कि कुल 52 विद्यार्थियों ने बोर्ड की मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है, जिसमें एसपी मेहंदी पुत्री संजय ने 95प्रतिशत, कोमल पुत्री राधेश्याम व विनोद पुत्र राजकुमार ने 94 प्रतिशत तथा महक पुत्री सुरेंद्र ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। मोहित, तन्नू, मधु, लक्ष्मी, वंदना और योगेश ने भी 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

## डीडब्ल्यूपीएस के अदम्य प्रताप सिंह ने 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया टॉप



भिवानी। डीडब्ल्यूपीएस भिवानी का कक्षा 12वीं का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम 2025 - 26 अत्यधिक उत्कृष्ट रहा। कला संकाय के अत्यंत मेधावी छात्र अदम्य प्रताप सिंह ने 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। आदमी प्रताप सिंह ने न केवल अपने अभिभावकों विद्यालय परिवार को भी गौरवान्वित किया है। वाणिज्य संकाय के शुभम जैन 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के दूसरे टॉपर रहे, विज्ञान संकाय की पलछिन ने 92 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रतिमान स्थापित किया।प्राचार्या डॉक्टर निर्मला नीतू ने सभी टॉपर विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को प्रसन्नता पूर्वक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## वाणिज्य संकाय की चैरी ने 96 प्रतिशत और नैन्सी ने 95.8 प्रतिशत अंक लिए

भिवानी। लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल, भिवानी का सैंट्रल बोर्ड ऑफ सीनियर सैकेंडरी कक्षा का परीक्षा परिणाम आज घोषित हुआ। विद्यालय के चेयरमैन त्रिलोक चन्द गोयल ने बताया कि परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ठ रहा। 32 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 54 बच्चों ने 85 प्रतिशत से अधिक, 71 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए व 102 बच्चों ने मैरिट व 151 बच्चों ने प्रथम श्रेणी हासिल की। वाणिज्य संकाय की चैरी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, नैन्सी ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए द्वितीय, जतिन ने 95 प्रतिशत व विज्ञान संकाय के यशदीप ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए विद्यालय में तृतीय व विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में मेघा शेखावत ने 93.6 व याशिका ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विज्ञान संकाय में क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। नव्या शर्मा, शिखा, राशी, मुस्कान, तुषार गर्ग, सिद्धार्थ, महक गर्ग, महिमा बजाज, सिद्धि, ऋषि, सक्षम जोशी, चेष्ठा गर्ग, छवि जैन, हितेश, रूहानी, काव्या, मुकुल तंवर, रेणुका, अनुज कुमारी, रिंकु, अनुराग, खुशी यादव, मोहित गुप्ता, हर्ष सोनी, चांदनी, तनवी वालिया ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।




हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### जनगणना-2027 का कार्य 88.16 प्रतिशत तक पहुंचा कार्य

# मकानों की गणना शुरू नहीं करने वाले 246 प्रगणक डीसी के रडार पर

## जल्द कार्य शुरू नहीं किया तो होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला में अपने-अपने ब्लॉक में मकानों की गणना का काम शुरू नहीं करने वाले 246 प्रगणक डीसी साहिल गुप्ता के रडार पर है। यदि इन्होंने अतिशीघ्र अपना कार्य शुरु नहीं किया तो इन पर सख्त कार्रवाई होना लाजमी है। डीसी द्वारा जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ न केवल सख्त कार्रवाई लाने की चेतावनी दी जा चुकी है, बल्कि एक शिक्षक के खिलाफ पुलिस में मुकदमा भी दर्ज करवाया जा चुका है। इसके साथ-साथ अपने काम को निर्धारित समय से पहले ही संपन्न करने वाले आठ शिक्षकों को डीसी द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है। वहीं दूसरी ओर डीसी के मार्गदर्शन में जनगणना-2027 के तहत जिले में मकानों की गणना का 88.16 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

नगराधीश अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में गणना कार्य के लिए जिला में 2078 ब्लॉक बनाए गए हैं। एक ब्लॉक में 700 से 900 की जनसंख्या है, यानि करीब 150 से 200 मकान शामिल हैं। गणना कार्य के लिए जिला में करीब 2500 प्रगणक लगाए गए हैं। इसके अलावा 6 एलूमिनेटर पर एक सुपरवाइजर लगाया गया है। ऐसे में करीब 600 सुपरवाईजर हैं। उन्होंने बताया कि जिले में फिलहाल 1813 ब्लॉक पर कार्य तेज गति से प्रगति पर है, जबकि 19 ब्लॉक में कार्य पूर्ण किया जा चुका है। लोहारू एमसी में 96.55 प्रतिशत, लोहारू में 98.38 प्रतिशत, सिवानी एमसी व बवानी खेड़ा एमसी में 100 प्रतिशत कार्य प्रगति दर्ज की गई है। वहीं सिवानी क्षेत्र में 89.93 प्रतिशत, तोशाम में 83.80 प्रतिशत, भिवानी एमसी में 75.39 प्रतिशत, भिवानी में 93.82 प्रतिशत तथा बवानीखेड़ा में 87.90 प्रतिशत प्रगति दर्ज हुई है। उन्होंने बताया कि जिला में 246 ब्लॉक ऐसे हैं, जिनमें नियुक्त प्रगणकों द्वारा कार्य शुरु नहीं किया गया है, जो डीसी की रडार पर हैं। इन ब्लॉक में लोहारू एमसी में एक ब्लॉक, लोहारू में चार, सिवानी में 14, तोशाम में 52, भिवानी नगर पालिका में 110, भिवानी में 35 व बवानीखेड़ा में 30 प्रगणक ऐसे हैं, जिन्होंने अपने ब्लॉक में मकानों की गणना कार्य शुरु नहीं किया है।

### लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई

उपायुक्त साहिल गुप्ता ने कहा कि जनगणना जैसे अति महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रगणकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि जहां कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, वहां तत्काल प्रभाव से अपना कार्य शुरु करें। यदि कोई प्रगणक अपने कार्य में लापरवाही बरतता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
आर्यन कोचिंग
स्थाई एकेडमी (विश्वास का दूसरा नाम)
12वीं के बाद सरकारी नौकरी
नया बैच आरम्भ
अग्निवीर SSC रेलवे
हरियाणा पुलिस हरियाणा ग्रुप-डी CET
AIRFORCE NAVY ARMY
पता : बस स्टैंड के पास, चरखी दादरी
9050035973, 9812611926